## पुलिया निर्माण के लिए खोदा गया है गड्ढा, नहीं लगे कोई उचित संकेतक

# गड्ढे में गिरकर नव युवक उवैश की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

खिरसाडोह उमरेठ मार्ग पर ग्राम पंचायत खमराजेठू में पुलिया निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे में गिरने से एक नव युवक की मौत हो गई। इस घटना ने एक ओर जहां मृतक के परिजन और क्षेत्रवासी स्तब्ध हैं वहीं निर्माण कार्य में बरती जा लापरवाही को भी उजागर किया है। निर्माण स्थल पर उचित संकेतक नहीं लगने जैसी लापरवाही सामने आई है।गौरतलब है, कि न्यूटन नंबर 13 वार्ड 14 निवासी करीब 21 वर्षीय उवैश खान बाइक से अपने पिता मुन्ना खान (हफीज ड्राइवर) को लेने शनिवार शाम करीब 7:30 बजे मुआरी खदान जाने के लिए निकला। खमराजेठू में निर्माण स्थल से गुजरने के दौरान अंधेरा होने और उचित संकेतक नहीं लगने के चलते परिवर्तित किए गए मार्ग की बजाय यहां मौजूद बड़े गड्ढे की ओर जा पहुंचा और ऊंचाई से गड्ढे में जा गिरा। बताया जा रहा है, कि गिरने के चलते उसकी पसलियां टूट गई, सिर और चेहरे पर चोट आई। यह भी बताया जा रहा है, कि करीब आधा घंटा वह वहीं पड़ा रहा, जब वहां से गुजरने वालों की नजर पड़ी तो पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से युवक को बाहर निकलवाया और युवक को परासिया अस्पताल लाया गया। रविवार पोस्टमार्टम के शव परिजनों को सौंपा गया। रविवार को ही दोपहर 3 बजे मृतक को न्यूटन नंबर 4 में स्थित कब्रिस्तान में दफनाया गया।





### न उचित संकेतक न रेडियम पट्टी

बता दें कि खिरसाडोह - उमरेठ मार्ग पर ग्राम पंचायत खमराजेठू के अंतर्गत पथरई नदी पर स्तिथ पुलिया क्षतिग्रस्त होने के चलते उसका निर्माण हो रहा है। जिसके लिए सड़क डाइवर्ट कर कच्चा मार्ग बनाया गया है, ताकि लोगों के उमरेठ, मोरडोंगरी की ओर आने - जाने में परेशानी न हो, लेकिन रोड परिवर्तित है, ये बताने के लिए रेडियम पट्टी, डाइवरशन बोर्ड लगाने की बजाये चुने से पुते हुए कुछ पत्थर रख दिए गए हैं। रात में परिवर्तित मार्ग, किए गए गड्ढे आसानी से दिख जाए ऐसी व्यवस्था निर्माण स्थल पर दिखाई नहीं दे रही है।

### पिता को लेने जा रहा था युवक

मृतक उवैश अपने पिता को लेने जा रहा था। दरअसल युवक के पिता हफीज खान ट्रक चलाते हैं। वे शनिवार को न्यूटन वार्ड 5 निवासी करीब 22 वर्षीय युवक रिशब खान जिसकी मृत्यु हार्ट अटैक आने से हुई थी के अंतिम संस्कार में शामिल होने के बाद ट्रक लेकर मुआरी खदान कोयला भरने गए थे, लेकिन यहां नंबर नहीं आने के चलते ट्रक को वहीं खड़ा करने घर जाना उचित मानकर अपने बेटे को उन्हें लेने के लिए बुलाया था, पर तक़दीर को कुछ ओर है मंजूर था।

### 52 पत्तों के साथ मोबाइल किया बरामद

## चौरई थाना पुलिस के हत्थे चढ़े आठ जुआरी, 31 हजार जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

थाना प्रभारी मोहन मर्सकोले के द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन व अपने विश्वसनीय थाना बल के माध्यम से दिन दर दिन जुआ सट्टा घरों पर दबिश देकर कार्यवाही की जा रही जिससे जनता और नगर वासियो ने राहत की सांस ली।। पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चौरई पुलिस द्वारा दरमियानी रात को मुखबिर की सूचना पर कुंडा फाटक वार्ड नंबर 5 में 08 आरोपियों को रंगे हाथों रूपये पैसों का जुआं खेलतेहुये पकड़ा गया।

### पकड़े गये आरोपियों में आरोपी

1. पवन पिता कृष्णा कुशवाहा उम्र 35 वर्ष निवासी बैलबाजार चौरई, 2. प्रदीप पिता देवेन्द्र तिवारी उम्र 33 वर्ष निवासी वार्ड न.05 चौरई, 3. राजेश पिता श्रीराम वर्मा उम्र 40 वर्ष निवासी मुआरी, 4. रामकुमार पिता अमित यादव उम्र 41 वर्ष निवासी वार्ड न.13 चौरई, 5. नीरज पिता घूडो वर्मा उम्र 30 वर्ष निवासी मुआरी, योगेश पिता सुखपाल कुशवाहा उम्र 22 वर्ष निवासी वार्ड न. 13 चौरई, 7. मुकेश पिता कमुद सिंह वर्मा उम्र 28 वर्ष निवासी मुआरी, 8. नीरज पिता धीरेन्द्र तिवारी उम्र 40 वर्ष निवासी वार्ड न.05 चौरई, थाना चौरई जिला छिन्दवाडा को रंगे हाथों जुंआ खेलते पकडे गये है। आऱोपीयों के पास तथा फड से 31000 रू. की राशी जप्ती की गई है। आरोपियों के विरूद्ध 13 जुआं एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी चौरई मोहन सिंह मर्सकोले,सउनि नितेश ठाकुर, प्रधानआऱ. गोपाल साहू, गुलाब ग्यारसिया आर. प्रकाश साहू, राजू भारती,आर. राजपाल बघेल,की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन का आज धरना प्रदर्शन एवं ज्ञापन

**छिंदवाड़ाः** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा छिंदवाड़ा के अध्यक्ष मीर जाहिद अली ने पेंशनरों से आव्हान किया है कि वर्ष 2025 समाप्त होने को है, परंतु हमें सरकार से कुछ नहीं मिला, जो मिलना था वह भी देरी से आधा-अधूरा मिला है अब हमारे पास संघर्ष एवं आंदोलन के सिवाय दूसरा रास्ता नहीं बचा है। दिनांक 9 नवंबर 2025 पेंशनर फेडेरशन जबलपुर सम्मेलन में लिये गये निर्णय अनुसार छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के समस्त जिलों में पेंशनरों की लंबित मॉगो को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन, ज्ञापन आज दिनांक 29 दिसंबर 25 दिन सोमवार को दोपहर 2.30 बजे जिला कलेक्टर के माध्यम से मा. मुख्यमंत्री म.प्र. शासन के नाम सौंपा जायेगा। अतः समस्त पेंशनर साथियों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धरना आंदोलन को सफल बनाये।

## 2160 किग्रा लहान तथा 30 लीटर हाथ भट्टी मदिरा बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार सहायक आबकारी आयुक्त श्री बी.आर.वैद्य के मार्गदर्शन में वृत्त परासिया प्रभारी अधिकारी द्वारा गत दिवस परासिया क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पाडरपानी, कोसमी ढाना एवं शनि मंदिर के पीछे आबकारी विभाग द्वारा कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में सबसे पहले आबकारी दल द्वारा ग्राम पांडरपानी में जंगल के अंदर नाले के किनारे गड्डों में रखे हाथ भट्टी मदिरा बनने के लिये तैयार अवैध मदिरा निर्माण के अड्डों पर कार्यवाही की गई, जहाँ नाला के किनारे अलग-अलग स्थानों में छुपाकर रखे 15 प्लास्टिक की बोरियो में पिन्नियों में लगभग 750 कि.ग्रा. महुआ लहान बरामद किया गया। बरामद महुआ लहान में से सैंपल लेकर शेष लहान नष्ट किया गया। इसके बाद आबकारी दल कोसमी ढाना स्थित जंगल में नाला किनारे अलग-अलग स्थानों में झाड़ियों में छुपाकर रखे 18 प्लास्टिक की बोरियों में 900 कि.ग्रा. महुआ लहान भी नष्ट किया गया तथा महुआ शराब बनाने की सामग्री सहित 30 लीटर हाथ भट्टी एवं प्लास्टिक की 03 केनो में रखे लगभग 60 कि.ग्रा. लहान बरामद कर लहान नष्ट किया गया। इसके बाद आबकारी दल ग्राम कोसमी स्थित शनि मंदिर के पीछे नालों में दबिश के दौरान 09 प्लास्टिक की पन्नियों में लगभग 450 कि.ग्रा. महुआ लहान बरामद कर नष्ट किया गया। इस तलाशी एवं दबिश कार्यवाही में कुल 2160 कि.ग्रा. लहान तथा 30 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जिसकी अनुमानित कीमत 216300 आंकी गई है।

## अखिल सूर्यवंशी को जिला समन्वयक नियुक्त किए जाने से संगठन को मिलेगी नई गति

**छिंदवाड़ाः** आदर्श समर्पण विकास फाउंडेशन द्वारा समाज के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य को लेकर निरंतर जनकल्याणकारी गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में संस्था की कार्यकारिणी समिति के निर्णयानुसार श्री अखिल सूर्यवंशी को जिला समन्वयक, छिंदवाड़ा के महत्वपूर्ण दायित्व पर नियुक्त किया गया है। संस्था के डायरेक्टर श्री सतीश नागवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला स्तर पर समन्वयक की भूमिका संगठन और समाज के बीच सेतु का कार्य करती है। श्री अखिल सूर्यवंशी की नियुक्ति से जिले में संस्था के सामाजिक, शैक्षणिक एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को और अधिक मजबूती मिलेगी। डायरेक्टर श्री सतीश नागवंशी ने कहा कि आदर्श समर्पण विकास फाउंडेशन का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा, शिक्षा एवं सहयोग की भावना को पहुँचाना है। इस दिशा में जिला समन्वयक की जिम्मेदारी अत्यंत महत्वपूर्ण होती है, जिसे श्री सूर्यवंशी पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ निभाएंगे। संस्था द्वारा अपेक्षा व्यक्त की गई है कि अखिल सूर्यवंशी संगठन के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं स्वयंसेवकों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए समाजहित में संचालित कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाएंगे। अंत में डायरेक्टर सतीश नागवंशी ने श्री अखिल सूर्यवंशी को इस नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे संस्था की गरिमा, नियमों एवं उद्देश्यों के अनुरूप अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करेंगे।

## कफ सिरप मामले में 9वीं गिरफ्तारी, मेडिकल स्टोर संचालक अनिल रसेला गए जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया में चर्चित कोलड्रिफ सिरप मामले में एस आई टी ने रविवार को 9 वीं गिरफ्तारी की है। जिसमें मेडिकल स्टोर संचालक अनिल रसेला को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।गौरतलब है, कि जहरीले कोलड्रिफ सिरप से परासिया और आसपास के क्षेत्र के करीब 22 मासूम बच्चों की जान चली गई। जिसकी जांच के लिए पुलिस अधीक्षक अजय पांडे ने स्पेशल इन्वेस्टिगेटिव टीम (एस आई टी) गठित की थी। एस आई टी के द्वारा इस मामले में रविवार को अनिल रसेला के रूप में 9 वीं गिरफ्तारी की गई है। इससे पहले 8 अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है और यह सभी जेल में है। मेडिकल स्टोर संचालक की दवा दुकान से पूर्व में एस आई टी की टीम ने 22 कोलड्रिफ सिरप जप्त किए थे। जिनका रिकॉर्ड नहीं मिलने के चलते मेडिकल स्टोर संचालक को आरोपी बनाया गया है।

### दो डॉक्टरों को लेकर परिजन उठा रहे सवाल

परासिया में हुए कफ सिरप कांड ने एक और जहां लोगों को झकझोर दिया साथ ही सिस्टम पर कई सवाल खड़े कर दिए वहीं मृत बच्चों के परिजनों के मन में कई सवाल भी खड़े कर रखे हैं, जिनका जवाब उन्हें अभी भी नहीं मिल रहा है। इस मामले में डॉक्टर प्रवीण सोनी के अलावा दो अन्य डॉक्टरों से इलाज कराये जाने की बात भी सामने आई, पुलिस रिपोर्ट में भी उन डॉक्टरों के नाम शामिल है। एक के बाद नौ लोगों की गिरफ्तारी के बाद परिजन दो डॉक्टरों को लेकर भी सवाल कर रहे हैं। हालांकि अभी भी जांच जारी है।



## ग्राम पंचायत भमोडी की पहल से एनीमिया मुक्त हुई किशोरियाँ

**छिन्दवाड़ा।** जिले के परासिया विकासखंड की ग्राम पंचायत भमोडी ने यह साबित कर दिया कि सही योजना, निरंतर गिरानी और सामुदायिक सहभागिता से स्वास्थ्य से जुड़ी बड़ी समस्याओं का समाधान संभव है। ग्राम में किशोरी बालिकाओं में बढ़ती रक्त अल्पता (एनीमिया) की समस्या को गंभीरता से लेते हुए पंचायत ने एक ठोस पहल की, जिसका परिणाम तीन माह के भीतर सकारात्मक रूप में सामने आया है। 26 सितंबर 2025 को ग्राम पंचायत द्वारा विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 65 किशोरी बालिकाओं (11 से 18 वर्ष आयु वर्ग) की स्वास्थ्य जांच कराई गई। जांच में 17 बालिकाएं एनीमिया से ग्रसित पाई गईं। शासकीय चिकित्सकों द्वारा उन्हें आवश्यक दवाइयां दी गईं, नियमित परामर्श किया गया और खान-पान व जीवनशैली को लेकर लगातार मार्गदर्शन दिया गया। तीन माह बाद आज शनिवार 27 दिसंबर 2025 को ग्राम पंचायत भवन में फॉलोअप जांच के लिए पुनः विशेष शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में 44 किशोरी बालिकाओं की जांच की गई। परिणाम अत्यंत उत्साहवर्धक रहे। पूर्व में चिन्हित सभी 17 बालिकाओं के स्वास्थ्य में स्पष्ट सुधार पाया गया और वे एनीमिया से बाहर आ चुकी हैं। इसके अलावा, नई जांच में केवल एक बालिका एनीमिया से ग्रसित पाई गई, जिसे तुरंत दवाइयां और परामर्श प्रदान किया गया है। सरपंच श्री विपिन श्रीवास्तव ने बताया कि पंचायत का उद्देश्य केवल इलाज तक सीमित नहीं है, बल्कि स्थायी सुधार लाना है। जिन बालिकाओं का वजन कम है, उनके माता-पिता के साथ स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त बैठक कर पोषण और देखभाल को लेकर समझाइश दी जाएगी, ताकि भविष्य में ऐसी समस्याओं की पुनरावृत्ति न हो।



## सावित्री बाई जयंती मनाने के लिए कार्यकारिणी एवं महिला मंडल की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

रविवार को जिला माली समाज विकास परिषद छिंदवाड़ा द्वारा बरारीपुरा माली समाज भवन में कार्यकारिणी एवं महिला मंडल की बैठक का आयोजन किया गया। उक्ताशय की जानकारी समाज के प्रचार मंत्री मनीष सातपुते एवं चेतन घोरसे ने बताया कि आज बैठक समाज संयोजक भाऊराव चरपे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में आगामी 4 जनवरी 2026 को सावित्री बाई फुले जी की 191 वीं जयंती माली समाज महात्मा ज्योतिबा फुले भवन, लोनिया करबल में मनाने हेतु निर्णय लिया जिसमें जयंती कार्यक्रम के साथ-साथ बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सावित्री बाई फुले जी के जीवन चरित्र पर नाटक का मंचन होगा। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य सहित महिला मण्डल उपस्थित थी। जिनमें प्रमुख रूप से अनिता चरपे, लक्की चोरकर, शुभांगी घोरके, संगीता आलोनकर, प्रीति चरपे, सुमन भुसान, चंद्रकला घोरसे, बिठाबाई आलोनकर, रेखा आलोनकर, सुनीता आलोनकर, वंदना दास, हरिभाउ बाड़दुबे, ज्ञानेश्वर कनेरे, विजय गब्बर घोरसे, मुन्ना चरपे, शिवराम आलोनकर, सत्येन्द्र सेमेकार, पंढरी बननाईत, दिलीप चरपे, राजेश भगत, तुलसीराम चोरकर, दीपक बाड़बुदे, सुरेश घोरसे, जागेश्वर घोरसे, प्रकाश सातपुते, राधेश्याम घोरसे, मनीष सातपुते, सुनील चोरकर, मोहित भोजकर, आकाश घोरसे, प्रभाकर दास, अजय चरपे सहित अन्य सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

## भमोड़ी, अंबाड़ा एवं जामई में अवैध शराब पर दी दबिश

**8 बल्क लीटर अवैध देशी अंग्रेजी शराब तथा 6 बल्क लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब बरामद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार सहायक आबकारी आयुक्त श्री बी.आर. वैद्य के मार्गदर्शन में छिंदवाड़ा जिले में अवैध शराब विनिर्माण, परिवहन, संग्रहण एवं विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के लिये आबकारी वृत्त जामई के ग्राम भमोडी, अंबाडा एवं जामई में अवैध शराब के स्थानों पर दबिश दी गई। जिसमें से 26 पाव देशी प्लेन, 9 पाव ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की, 09 पाव मैकडोवल्स रम, कुल लगभग 8 बल्क लीटर अवैध देशी अंग्रेजी शराब तथा 6 बल्क लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब बरामद कर कुल 03 प्रकरण म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915, संशोधन 2000 की धारा 34(1) क के तहत दर्ज कर विवेचना में लिया गया। इस कार्यवाही में आबकारी वृत्त प्रभारी अनिकेत पटेल, आरक्षक राजकुमार यदुवंशी, मिथुन उईके उपस्थित थे।



### 90 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 4500 कि.ग्रा. महुआ लहान बरामद

कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार सहायक आबकारी आयुक्त श्री बी.आर. वैद्य के मार्गदर्शन में आज चौरई के आबकारी अमले द्वारा चांद के ग्राम पिपरिया, धमनियां, चिखलीखुर्द, तिघरा, सलैया के आसपास के क्षेत्रों में कार्यवाही कर अवैध मदिरा विक्रेताओं के रिहायशी मकान एवं अड्डों में छापे मारे। इस सम्पूर्ण कार्यवाही में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क एवं 34(1) च के तहत कुल 04 प्रकरण दर्ज कर और दो चढ़ी भट्टी जिसमें 90 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 4500 कि.ग्रा. महुआ लहान का सैंपल लेकर शेष लहान नष्ट किया गया तथा हाथभट्टी महुआ शराब आबकारी द्वारा कब्जे में लिया गया। इस कार्यवाही में वृत्त प्रभारी कु.भारती गौंड एवं आबकारी आरक्षक कु.भारती मरकाम उपस्थित थीं।

## प्रधानमंत्री के मन की बात नहीं रह गई है अब यह 'जन की बात' बन चुकी हैः शेषराव

**जिला भाजपा कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बहुउद्देशीय कार्यक्रम मन की बात का 129 वे संस्करण का प्रसारण किया गया आयोजित**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बहुउद्देशीय कार्यक्रम मन की बात का 129 व संस्करण रविवार को प्रसारित किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव की उपस्थिति में जिला भाजपा कार्यालय छिंदवाड़ा में मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण देखा गया। मन की बात कार्यक्रम देखने के उपरान्त भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर महीने के अंतिम रविवार को पूरे महीने भर के अपने अनुभव को मन की बात के माध्यम से साझा करते हैं। उन्होंने कहा कि मन की बात अब केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात नहीं रह गई है अब यह 'जन की बात' बन चुकी है। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम इतना लोकप्रिय हो चुका है कि अब लोग बेसब्री से इसका इंतजार करते हैं। उन्होंने बताया कि मन की बात के इस एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की 2025 में हुई महत्वपूर्ण उपलब्धियों का विस्तार से वर्णन किया और साथ ही नए वर्ष 2026 की चुनौतियों, विकास की संभावनाओं और भविष्य के लिए योजनाओं पर भी चर्चा की।

## गुलाबरा भाजपा मंडल में देखा और सुना गया मन की बात कार्यक्रम

**छिंदवाड़ा।** रविवार को वार्ड नंबर 48 अंतर्गत बूथ न 13 परतला में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 129 वां एपिसोड सर्वोत्तम नगर निवासी भाजपा कार्यकर्ता देवी प्रसाद डेहरिया के निवास पर सुना और देखा गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष श्रीमती लीला बजोलिया एवं मन की बात प्रमुख प्रतिभा कपाले, मीडिया प्रभारी शक्ति सिंह चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। मंडल अध्यक्ष श्रीमती लीला बजोलिया ने कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं उपस्थितजनों से एस आई आर अभियान पर चर्चा करते हुए कहा कि कोई भी मतदाता निवासरत एवं पात्र होते हुए भी मतदान करने से वंचित ना हो, इसके लिए ऐसे सभी मतदाता जो स्थानीय निवासी हैं और किसी कारणवश उनका नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है। इसके लिए बीएलओ से संपर्क कर एवं प्रक्रिया पूरी कराकर ऐसे मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल कराएं। इस अवसर पर पी.एस. चौधरी, रामलखन दिक्षित, आर के नंदनवार, पुरुषोत्तम भार्गव, महेश चंद्र बड़ोनिया, जगदीश भारद्वाज, रूपलाल पाटिल, जीवन लाल अहिरवार, रामराज सूर्यवंशी, दिनेश टांडेकर, सुनील डेहरिया, जयंत डेहरिया, सुशील फुलकर सहित अन्य नागरिक उपस्थित रहे।



### अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार पहुंचे छिंदवाड़ा, जगह जगह हुआ स्वागत

## भाजपा कैडर बेस पार्टी है, वहीं कांग्रेस परिवार बेस पार्टी हैः भगवान सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार रविवार को अपने प्रथम प्रवास पर छिंदवाड़ा पहुंचे। छिंदवाड़ा पहुंचने पर अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष का जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार के जिला भाजपा कार्यालय पहुंचने पर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने जिला पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ भव्य स्वागत किया। जिला भाजपा कार्यालय में अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार ने बैठक को संबोधित किया। अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार, भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती ज्योति डेहरिया एवं जिला महामंत्री विजय पांडे द्वारा भारतमाता, डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर बैठक का आरंभ किया गया।



अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक कैडर बेस पार्टी है। उन्होंने कहा कि भाजपा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय की विचारधारा के साथ काम करने वाली है इसीलिए मेरे जैसे सामान्य कार्यकर्ता को प्रदेश अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद को संभालने का मौका दिया गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी बाबा साहब के आदर्शों एवं मार्गदर्शन पर चलने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब को वास्तविक सम्मान भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल में ही दिया गया है। उन्होंने कहा कि जब भाजपा के सहयोग एवं समर्थन से बी पी सिंह प्रधानमंत्री बने तब भाजपा ने पहली शर्त बाबा साहब को भारत रत्न देने की रखी थी। अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संविधान के अनुसार चलने वाली पार्टी है। श्री परमार ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस काठ की हांडी है और काठ की हांडी केवल एक हो बार चढ़ती है। उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस कभी भी नहीं लौटने वाली है। उन्होंने कहा कि भाजपा कैडर बेस पार्टी है वहीं कांग्रेस परिवार बेस पार्टी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस केवल संविधान की प्रति लेकर घूम रहे है लेकिन उनका संविधान से कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का सबसे बड़ा अपमान कांग्रेस पार्टी द्वारा ही किया गया है।

## कांग्रेस का इतिहास सेवा, संघर्ष और सर्मपण से जुड़ा है

# कांग्रेस ने मनाया 140 वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



मुम्बई के गोकुलदास संस्कृत कॉलेज मैदान पर श्री ए.ओ. ह्यूम की पहल पर 28 दिसम्बर 1885 को देश के विभिन्न प्रांतों के राजनीतिक व सामाजिक विचारधारा के लोग एकजुट हुए और यह एकता आगे चलकर राजनीतिक संगठन में बदल गई। जिसका नाम कांग्रेस रखा गया। कांग्रेस एक विचारधारा है जिसने देश की आजादी के लिये संघर्ष किया। कांग्रेस के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों ने अपने प्राणों की आहुति दी, तब जाकर देश आजाद हुआ। कांग्रेस का इतिहास सेवा, संघर्ष और समर्पण से जुड़ा हुआ है। आज भी कांग्रेस देश में फैले भ्रष्टाचार, अनाचार और अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ रही है। जिसे आगे बढ़ाते हुये कार्यकर्ता पार्टी के आयोजित 140 वें स्थापना दिवस समारोह में सम्मिलित हुए। स्थानीय राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री विश्वनाथ ओकटे ने कांग्रेस के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों, कांग्रेस के समस्त विभाग, प्रकोष्ठ व अनुसांगिक संगठनों के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व आमजन की उपस्थिति में पार्टी का झंडा फहराया। तदोपरांत राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम और फिर विजयी विश्व तिरंगा प्यार व राष्ट्रगान जन..गण..मन का सामूहिक गायन व भारत माता की जय महात्मा गांधी अमर रहे जैसे गगन भेदी नारों के साथ स्थापना दिवस के कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री विश्वनाथ ओकटे ने कांग्रेस के समस्त निर्माताओं और स्वाधीनता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने माननीय कमलनाथ जी एवं माननीय नकुलनाथ जी की ओर से कांग्रेस परिवार के समस्त सदस्यों व आमजन को कांग्रेस के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। श्री ओकटे ने अपने उदबोधन में कहा कि कांग्रेस को खत्म करने की बात करने वालों कान खोलकर सुन लो कांग्रेस पार्टी नहीं एक विचारधारा है और विचारधारा कभी खत्म नहीं होती।

## बेटियों को बचाने के लिए किया जागरूक

**छिंदवाड़ा।** समाज मे आज भी बेटी की अपेक्षा बैटा की प्राथमिकता पर बल दिया जा रहा हे परिवार मे बेटी का जन्म ना हो इस हेतू प्रसव केंद्रों मे अल्ट्रा सोनो ग्राफी मशीन के माध्यम से गर्भ मे लिंग निर्धारित की सहज उपलब्धता इस समस्या को ओर भी बढ़ावा दिया हे ।गर्भवती महिला के भ्रूण की जांच के दोरान बेटी के होने पर भ्रूणहत्या कर जघन्य अपराध कर रहे हे । बेटी का जीवन मे कितना महत्व हे इस विषय की जानकारी देने , बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश कुमार शिवहरे के निर्देशन मे रासे यो के जिला संगठक रविंद्र नाफडे ,बालाजी पब्लिक स्कूल की प्राचार्य बी अनुराधा नायडू के मार्गदर्शन में जन जागरूकता कार्यक्रम छिंदवाड़ा विकास खंड के ग्राम पंचायत मारई के बदबदा ढाना मे बालाजी पब्लिक स्कूल के द्वारा आयोजित 7 दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुष एवं महिला इकाई मे किया गया । इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर श्यामल राव ने छात्रो को सम्बोधित करते हुए बताया की इस हब के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण के उद्धेश्य से महिलाओं के साथ हो रही घरेलू हिंसा से पीड़ति महिलाओं, शासन से मिलने वाली योजनाओं , सुविधाओं, ओर सरकारी मदद के बारे मे जानकारी देकर सहायता करना, एवं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है । वही बेटीयो के लिंगानुपात के अंतर मे कमी आये जिसके लिए बेटीयो को बचाने छात्र छात्राओं को प्रशिक्षण देकर स्वंय सेवको को सशक्त करने का कार्य किया जा रहा हे । छात्रो को विवाह उपरांत जीवन जीने का अधिकार का उपयोग कर स्वंय की सुरक्षा के साथ जन्मे बेटी का जीवन सुरक्षित कर सके जिससे की जिले के लिंगानुपात मे कमी लाई जा सके,। बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना के अंतगत शासन द्वारा लाडली लक्ष्मी योजना संचालित कर लाडलियो को सशक्त किया जा रहा हे ताकी लड़लियो को परिवार बोझ ना समझे ।बेटी बचाओ ,बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत सभी के माता पिता बेटियो के जन्म पर हर्ष मनाये, बेटियो को भेदभाव रहित व्यवहार के साथ पोषित करना ओर उन्हें विकास व शिक्षा का अवसर उपलब्ध कराने अपनी ओर से पहल करे,क्योंकि बेटी होती हे जगत जननी इनकी सुरक्षा हेतु विशेष पहल होनी चाहिए।

## स्व. लक्ष्मी बाई बालपांडे हेल्प ग्रुप ने दी 5000 रु की आर्थिक सहायता



**पांढुर्णा।** आज 28 दिसंबर को टेकड़ी वार्ड निवासी एक जरुरतमंद परिवार को स्व. लक्ष्मीबाई बालपांडे हेल्प ग्रुप ने 5000 रु की आर्थिक सहायता प्रदान की। उल्लेखनीय है कि टेकडी वार्ड के एक गरीब परिवार के सदस्य का देहांत हो गया। लेकिन परिवारवालों के पास शव के अंतिम यात्रा और संस्कार के लिए कोई व्यवस्था नहीं थी। स्व. लक्ष्मीबाई बालपांडे हेल्प ग्रुप के संचालक बापू बालपांडे को जब परिवार के मजबूरी का पता चला तो उन्होंने पीड़ित परिवार को तत्काल 5000 रु की सहायता राशि पहुंचा दी।

## कांग्रेस का 140 वां स्थापना दिवस मनाया



**पांढुर्णा।** आज 28 दिसंबर को जिला कांग्रेस कार्यालय में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 140 वां स्थापना दिवस मनाया गया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जतन उईके एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वास काम्बे ने स्थापना दिवस पर सम्बोधन किया वहीं आभार प्रदर्शन नपा उपाध्यक्ष ताहिर पटेल ने किया। कांग्रेस के स्थापना दिवस समारोह में जनपद पंचायत अध्यक्ष लता तूमड़ाम, उल्लास काटवले, प्रकाश चौधरी, गणपति आगरे, अमोल धर्माधिकारी, भरत सिंह ठाकुर, ब्लॉक सेवादल अध्यक्ष, बंटी ठाकुर युवा विधानसभा अध्यक्ष, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष विनोद गजभिये, आदिवासी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अरूण धुर्वे, देवकांत मांडोगड़े सोशल मीडिया जिला कांग्रेस कमेटी, राहुल पठाड़े, कीर्ती पठाड़े, शरद सांबारे, विजय जुनेजा, अरुण धुर्वे, सुनील बाम्बल, किशोर देशभ्रतार, अंकुश गजभिए, सुरेंद्र सुले, नारायण वादबुधे, अशोक कोल्हे, सुनील सुले, भास्कर बालपांडे, विलास धोटे, रामेश्वर सिरसाम, राहुल इवनाती, प्रकाश सिरसाम, शामराव धुर्वे, अशोक टोमपे, मुरलीधर टोमपे, पंजाबराव, माजरेवार एवं सभी काँगेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने ज्ञापन, समाजसेवी ने पीएम को भेजी शिकायत

### नपा में 5% कमीशन से जुड़ा है मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



परासिया नपा अध्यक्ष का एक ऑडियो वायरल होते ही परासिया में राजनैतिक माहौल गरमा गया है । रविवार को दिनभर इसी मामले को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म रहा । इसी मामले को लेकर ब्लॉक कांग्रेस परासिया ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा है । वहीं समाज सेवी रिंकू चौरसिया ने इस मामले में उनके पास पुख्ता सबूत होने का दावा करते हुए प्रधानमंत्री सहित विभिन्न एजेंसियों को शिकायत भेजा है ।नगर पालिका अध्यक्ष - एक भाजपा नेता और नागपुर के ठेकेदार के बीच हुई बातचीत में 5% कमिशन लेकर ठेका देने और ठेका नहीं डालने की बात का ऑडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद और समाचार पत्रों में इसी से संबंधित खबरें प्रकाशित होने के बाद नपा अध्यक्ष कांग्रेस के निशाने पर आ गए हैं । रविवार को कांग्रेस के द्वारा राष्ट्रपति के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया । जिसमें नपा अध्यक्ष की इस्तीफे की मांग की है । कांग्रेस पदाधिकारियों कहना है , कि वायरल ऑडियो से स्पष्ट है , कि परासिया नगर पालिका में कमिशन का खेल व्यापक रूप से चल रहा है और भ्रष्टाचार अपनी चरम सीमा पर है । इस मामले से परासिया नगर पालिका की छवि खराब हो रही है । वहीं दूसरी तरफ समाज सेवी रिंकू चौरसिया ने साक्ष्यों के साथ प्रधानमंत्री , लोकायुक्त और मुख्यमंत्री को लिखित शिकायत भेजी है । श्री चौरसिया का कहना है , किजनता की गाढ़ी कमाई और विकास कार्य के पैसों पर डाका डालने वाले इन सफेदपोशों सख्त एक्शन लिया जाना चाहिए । उनके पास भ्रष्टाचार की वह 'आवाज' कैद है, जो इनकी असलियत बताने के लिए काफी है । अब इन दोषियों को सलाखों के पीछे होना ही चाहिए ।

### ज्ञापन में ये रहे शामिल

पूर्व विधायक लीलाधर पुरिया , ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष कमल राय , समन्यवक बसंत मालवीय , नेताप्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह , वरिष्ठ कांग्रेसी नवल परिहार , अलाउद्दीन खान , दीनानाथ यादव , गगन खंडूजा , यमुना दुबे , चंद्रभूषण डेहरिया , विधानसभा अध्यक्ष युकां उत्कर्ष वाल्मीक ., ब्लाक अध्यक्ष सोना दुबे , महिला अध्यक्ष अंजली श्रीवास्तव , सेवादल अध्यक्ष सुरेंद्र झाड़े , मोनू ठाकुर , गोविन्द चौबे , राकेश शर्मा , नपाध्यक्ष बडकुही भारत डेहरिया , नपा उपाध्यक्ष चांदामेटा , उपाध्यक्ष अमजद खान , नपं उपाध्यक्ष न्यूटन संतलाल यादव , पार्षद प्रतिभा सोनी , पार्षद रुक्मा बंसोड़ , पार्षद ब्रजेश भालवी , पार्षद नीलोफर खान , मंजू सोनी , यमुना दुबे , सैफ ख़ान , अशोक शर्मा , सुरेश डेहरिया , अजहर खान , एन एस यू आई विधानसभा अध्यक्ष पंकज मौहबे , मनीष बैन , मंजीत खान , पूनाराम डेहरिया , उमेश हिवसे , राजा दुबे , रहमान खान , दुलारी मालवीय , फैमुनिशा , अनुराग दीक्षित , ईदू खान , इब्राहिम खान सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे ।

## पाठशाला के बच्चों ने दी सुंदर प्रस्तुति, पार्श्वनाथ जिनालय में हो रही सिद्धचक्र विधान की आराधना



**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश की धर्म नगरी छिंदवाड़ा के नई आबादी गांधी गंज स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जिनालय में श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान की आराधना का क्रम जारी है, जिसमें सकल जैन समाज मंगलगान के साथ सिद्ध परमेष्ठी का गुणगान कर रहा है।फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन ने अनुमोदना करते हुए कहा कि विधान के चतुर्थ दिवस बड़ी संख्या में जिनशासन सेवकों ने देव - शास्त्र - गुरु भगवन्तों की आराधना कर श्री सिद्ध परमेष्ठी भगवन्तों का गुणगान किया ओर नागपुर से पधारे पंडित विपिन शास्त्री एवं जयपुर से पधारे पंडित जिनेन्द्र शास्त्री के मंगल प्रवचनों में आत्मा से परमात्मा बनने का मार्ग जाना।वहीं रात्रि कालीन कार्यक्रमों में दिव्यांश शास्त्री जयपुर एवं पंडित ऋषभ शास्त्री सचिन जैन ने श्री जिनेन्द्र भक्ति के पश्चात वीतराग विज्ञान पाठशाला के विद्यार्थियों ने सुंदर साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर सभी का मन जीत लिया। जिसका संचालन आर्या जैन, श्रुति जैन एवं संस्कृति जैन द्वारा किया गया।मंगलमय अनुष्ठान में सकल जैन समाज सहित विधान आमंत्रणकर्ता समस्त कोल्ड स्टोरेज भैयाजी परिवार, मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन सहित गणमान्य बंधुगण सम्मिलित हुए और सभी ने धर्म लाभ लिया।

## विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल कार्यालय का हुआ उद्घाटन



**चौरई।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल राष्ट्रीय संयोजक के कर कमलो से हुआ चौरई विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कार्यालय का उद्घाटन, सैकड़ो की संख्या में बजरंगी एवं हिंदू समाज के लोगों ने राष्ट्रीय संयोजक जी का पुष्पमाला से स्वागत किया ,मुख्य रूप से क्षेत्रीय संयोजक विश्व वर्धन ,महाकौशल प्रांत संयोजक यतेंद्र , महाकौशल प्रांत सहसंयोजक तारस्वी , विभाग संयोजक शैलेश, कार्यालय संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष गुड्डा रघुवंशी ने राष्ट्रीय संयोजक जी,क्षेत्रीय संयोजक, प्रान्त संयोजक का पुष्प माला से स्वागत किया, सैकड़ो की संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता एवं हिंदू समाज के लोग उपस्थित रहे।

# कूम्हा कुम्भेश्वर घाट में घाट निर्माण प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



कल दिनांक 28/12/2025 को ग्राम पंचायत कूम्हा के कुम्भेवर घाट कुम्हा ,में जिला पंचायत सदस्य के अथक प्रयास से,राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा द्वारा कूम्हा नर्मदा घाट के लिए 5 लाख की राशि अपने सांसद निधि से घाट (सीढ़ी) निर्माण कार्य हेतु दी गई थी जिसका भूमि पूजन कार्यक्रम भूपेंद्र वरकड़े जिला पंचायत सदस्य के कर कमलों से किया गया, इस कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच अखिलेश मरावी, उपसरपंच गंगाराम यादव, ग्राम वरिष्ठ इमरत लाल धुर्वे, समनु नरेती, बसंत वरकड़े, मुन्ना लाल मार्को ग्राम पटेल, जगन्नाथ मार्को, पंचम सिंह कुडापे, शिवकुमार उइके, धनेश बर्मन, मुलाराम बर्मन, अजमेर भावेदी, राम उलाड़ी, मनीषा उलाड़ी, इन्दो बाई मसराम, अहिल्या पुट्टा, सौभा धर्या, प्रभा वरकड़े, लामु भावेदी, आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मधुरम स्वीट्स चोरी का आरोपी पकड़ा गया




**मण्डला।** दिनांक 05.12.2025 को प्रार्थी राकेश अग्रवाल द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उनकी मधुरम स्वीट्स दुकान का ताला तोड़कर अंदर घुसकर दो मोबाईल फोन चोरी कर लिए गए। रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा मामले की विवेचना प्रारंभ की गई। गिरफ्तारी एवं कार्यवाही में दिनांक 27.12.2025 को मध्यरात्रि बैगी बैगी चौक स्थित अंजली स्टेशनरी का ताला तोड़कर चोरी का प्रयास करते समय पुलिस गश्त दल द्वारा आरोपी को रंगे हाथ पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने दिनांक 25-26/12/25 की मध्यरात्रि में अंजली फोटो स्टूडियो, यूनिक फोटो स्टूडियो, लक्ष्मी नारायण कंप्यूटर के ताले तोड़ने के प्रयास एवं मधुरम स्वीट्स में चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी में रवि (मुन्ना) बैरागी पिता रामदास (भैय्यालाल) बैरागी उम्र 42 वर्ष निवासी मोहनिया पटपरा (वर्तमान निवास कटरा मण्डला शामिल था। जप्त (बरामद) सामग्री में मोटोरोला कम्पनी का की-पैड मोबाईल, विवो कम्पनी का मोबाईल था। आरोपी से चोरी किए गए मोबाईल बरामद कर उसे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय मण्डला के समक्ष प्रस्तुत किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरी. शफीक खान के मार्गदर्शन में उनि.योगेश पाटीदार सउनि नीरज मिश्रा, प्रआर. पूरन एडपाचे,बलवंत टेकाम मोहन कुड़ापे, आर. दिनेश,प्रियांश रमेश,मृदुल,संदीप, दिनेश,हन्नु मार्को, परेश की सरहनीय भूमिका रही।

**प्रतियोगिता** | वरिष्ठ मूल शाला में दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन।

# प्रतियोगियों को मेडल एवं शील्ड का मिला पुरस्कार

*** जलेबी दौड़, मेंढक दौड़, बोरा दौंड, चम्मच दौड़ का रहा आकर्षण।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





एकीकृत शासकीय हाई वरिष्ठ मूल शाला में दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय स्तर पर किया गया। इसमें प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला एवं हाई स्कूल के छात्र - छात्राओं ने विभिन्न विधाओं में भाग लिया। विधाओं में प्राथमिक शाला से जलेबी दौड़, मेंढक दौड़, बोरा दौंड, चम्मच दौड़, माध्यमिक शाला एवं हाई स्कूल से 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, रिले रेस, खो-खो कबड्डी, तवा फेंक, गोला फेंक आदि शामिल थे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद मंडला के अध्यक्ष विनोद कछवाहा, विशिष्ट अतिथि के रूप में रानी अवंती के वार्ड की पार्षद श्रीमती ज्योति बाजपेई, पार्षद नरेश सिंधिया एवं दिनेश चौधरी उपस्थित थे। समापन कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती का पूजन अर्चन कर दीप प्रज्वलित किया गया। इसके पश्चात विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका श्रीमती मनीषा उपाध्याय द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनोद कछवाहा अध्यक्ष नगर पालिका परिषद द्वारा अपने उद्बोधन में खेलकूद एवं पढ़ाई के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। उनके द्वारा विद्यालय प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ के कार्यों की सराहना की गई। उनके द्वारा बताया गया कि वे इस विद्यालय में छात्र के रूप में अध्ययन कर चुके है। अतिथियों के द्वारा समस्त प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को मेडल, शील्ड, प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरण किया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों के साथ-साथ सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर संकुल रानी अवंती बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला से प्राचार्य प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित स्नेहल जोशी एवं प्रवीण वर्मा उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य रोशन दुबे, प्रधान पाठिका श्रीमती मंजुला यादव, दुष्यंत कछवाहा, केहर सिंह मरावी, श्रीमती लियाकत आरा का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में क्रीड़ा प्रभारी राजीव वर्मा, सोन सिंह धुर्वे, श्रीमती संगीता जोशी, श्रीमती सुशीला सिंगर, श्रीमती आकांक्षा पांडे, श्रीमती सीमा चतुर्वेदी, श्रीमती स्वाति धुर्वे, श्रीमती उषा सिंधिया का सराहनीय योगदान रहा। विद्यालय के प्रचार्य द्वारा विद्यालय का संपूर्ण प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया एवं उपस्थित अतिथियों एवं सभी शिक्षक शिक्षकों का आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# जनजातीय समाज के सशक्तिकरण के लिए सरकार प्रतिबद्ध- मंत्री श्रीमती उइके

*** गांव तक पहुंच मार्ग के लिए विधायक निधि से 18 लाख रुपये देने की घोषणा की।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत भालीवाड़ा में आयोजित कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणजनों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा शासन की योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। कार्यक्रम में मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने कहा कि प्रशासन आपके द्वार जैसे कार्यक्रम शासन और जनता के बीच सेतु का कार्य करते हैं, जिससे समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो पाता है और ग्रामीणों का विश्वास और मजबूत होता है।

मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व एवं प्रदेश सरकार के मुखिया डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। शासन की प्राथमिकता है कि अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचे और हर परिवार को सम्मानपूर्वक जीवन मिले।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र व्यक्तियों को पक्के मकान उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे अब ग्रामीणों को हर मौसम में सुरक्षित एवं सुविधाजनक आवास मिल सकेगा। वर्षों से पक्की छत का जो सपना था, वह अब साकार हो रहा है। मंत्री ने जानकारी दी कि ग्राम पंचायत भालीवाड़ा में अब तक 320 व्यक्तियों को पक्के मकान मिल चुके हैं तथा आने वाले समय में यहां 165 अतिरिक्त आवासों का निर्माण किया जाएगा।



ग्रामीण अधोसंरचना के विकास की दिशा में उन्होंने गांव तक पहुंच मार्ग के लिए विधायक निधि से 18 लाख रुपये देने की घोषणा की। इसके साथ ही रमपुरी से भालीवाड़ा, डुडुमरैयत, डूडूममाल, मानेगांव, पांडीवाड़ा चौकी तक के पहुंच मार्ग को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में शामिल किए जाने की भी घोषणा की, जिससे क्षेत्र के आवागमन को नई गति मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### महान संत शैलेन्द्र कृष्ण शास्त्री अपने बांके बिहारी जी को लेकर पहुंचे शौर्य स्मारक टैंक टी-55 के परिसर में

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** वृंदावन से पधारे संत शैलेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी ने शहीदों के आंगन की पावन मिट्टी से संकलित शौर्य कलश को श्रद्धापूर्वक नमन कर वीर अमर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं टैंक टी-55 का विधिवत पूजन कर आरती उतारी। संत ने कहा कि शहीदों का बलिदान देश की आत्मा है और उनकी स्मृति में स्थापित शौर्य स्मारक आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा, त्याग और कर्तव्यबोध की प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने शौर्य कलश को मातृभूमि के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर सपूतों की अमर गाथा का प्रतीक बताया। उनके साथ परिसर में उपस्थित मातृ शक्ति संगठन द्वारा भारत माता की जय और वीर शहीद अमर रहें के नारों के साथ शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# जिंदल हॉस्पिटल में गुंडागर्दी जनहित की आवाज़ दबाने की कोशिश, लोकतंत्र पर सीधा प्रहार

## सच दिखाने पहुँचा पत्रकार अस्पताल संचालक ने किया हमला



**सिवनी।** जिंदल हॉस्पिटल में कथित दबंगई और गुंडागर्दी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जनहित की खबर की पड़ताल करने पहुँचे पत्रकार सतीश मिश्रा के साथ मारपीट किए जाने और उनकी माइक आइडी तोड़े जाने का गंभीर आरोप अस्पताल संचालक पर लगा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुबह पत्रकार सतीश मिश्रा को फोन पर सूचना मिली कि जिंदल हॉस्पिटल में एक परिवार अपने मृत परिजन की बॉडी लेने के लिए घंटों से परेशान है। पीड़ित परिवार की समस्या जानने और मामले की सच्चाई सामने लाने के उद्देश्य से पत्रकार अस्पताल पहुँचे थे।

आरोप है कि अस्पताल पहुँचते ही जिंदल हॉस्पिटल संचालक सुनील अग्रवाल ने पत्रकार के साथ अभद्रता शुरू कर दी और देखते ही देखते मारपीट पर उतर आया। कवरेज के दौरान पत्रकार की माइक आइडी टूटी दिया घटना के बाद अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।घटना से आक्रोशित पत्रकारों ने कहा कि यह हमला केवल एक पत्रकार पर नहीं बल्कि चौथा स्तम्भ में लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सीधा हमला है। जनहित के मुद्दों को उजागर करने वालों को डराने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पीड़ित पत्रकार द्वारा संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंचे वहीं पत्रकार संगठनों और नागरिकों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।क्या पुलिस प्रशासन इस मामले में त्वरित कार्रवाई करेगा या फिर रसूख के आगे कानून मौन रहेगा..?

# लखनवाडा पुलिस की बलात्कार के आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही, दो आरोपी पहुंचे जेल

**पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता नाबालिग बालक बालिकाओ के विरुद्ध होने वाले अत्याचारो के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही हेतु प्रयासरत रहते है जिनके कुशल मार्गदर्शन मे एवं ए.एस.पी.श्री दीपक मिश्रा व एस.डी.ओ.पी. बरघाट ललित गठरे के निर्देशन व नेतृव मे कार्य करते हुए थाना लखनवाडा पुलिस व्दारा नाबालिग बालिकाओ के साथ छेडछाड व गलत कृत करने वालो के विरुद्ध सख्त कार्यवाही कि गयी।**

दिनांक 26/12/2025 को प्रार्थी पीडिता ने अभिभावक के साथ थाना लखनवाडा में उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराया कि ग्राम पीपरडाही के अंकित व विजय के व्दारा एक राय होकर पीडिता के साथ बलात्कार की घटना एवं पीडिता की बहन की लडकी साथ छेडछाड कि रिपोर्ट पर थाना लखनवाडा मे अपराध क्रंमाक 594/25 धारा 64(1), 70(2), 137(2),351(3), 76,74, 3(5) बीएनएस 5(द्द)/6,7/8 पॉक्सो एक्ट 3(1) (2)(द्व),3(1)(2)(द्वद्व),3(2) (1)एससी /एसटी पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

थाना प्रभारी सी. के. सिरामे व्दारा तत्काल पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया गया पुलिस अधीक्षक व्दारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपियों की तलाश पतासाजी हेतु टीम अलग अलग स्थानो पर रवाना कर चंद घंटो मे दोनो आरोपीयो को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। दोनो आरोपीयों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। गिरफ्तार आरोपी (1) अंकित श्रीवास उम्र 20 साल निवासी ग्राम पीपरडाही थाना लखनवाडा जिला सिवनी (म.प्र.) (2) विजय लांजेवार उम्र 21 साल निवासी ग्राम पीपरडाही थाना लखनवाडा जिला सिवनी (म.प्र.) विशेष भूमिकाः- एस.डी.ओ.पी. बरघाट ललित गठरे, निरी.सी.के. सिरामे के नेत्तृव मे थाना लखनवाडा स्टाफ।

# मध्य प्रदेश पुलिस पेंशनर्स संघ का महाअधिवेशन संपन्न

## महेंद्र प्रताप सिंह परिहार पुन: निर्विरोध प्रांतीय अध्यक्ष निर्वाचित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

मध्य प्रदेश पुलिस पेंशनर्स संघ का प्रांतीय महाअधिवेशन 24 दिसंबर 2025 को जिला मंदसौर में भव्य रूप से संपन्न हुआ। संगठन मंत्री रमाकांत सिंह ठाकुर ने बताया कि अधिवेशन की अध्यक्षता संगठन के संस्थापक एवं प्रांतीय अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह परिहार ने की। इस अवसर पर प्रदेश के 33 जिलों से लगभग 1000 पुलिस पेंशनर्स ने सहभागिता की। कार्यक्रम में रतलाम-मंदसौर रेंज के सेवानिवृत्त आईजी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी एवं संगठन के विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे। अधिवेशन के दौरान प्रदेशभर से आए पुलिस पेंशनर्स ने प्रत्येक जिले की पेंशन संबंधी समस्याओं, विसंगतियों और मांगों पर विस्तृत चर्चा की तथा समस्याओं के निराकरण के लिए शासन स्तर पर आवेदन-निवेदन करने पर सहमति बनी।महाअधिवेशन के दूसरे दिन 25



दिसंबर 2025 को संगठन के संस्थापक एवं प्रांतीय अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह परिहार का कार्यकाल पूर्ण होने पर निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराई गई। इसमें उपस्थित प्रतिनिधियों की सर्वसम्मति से उन्हें दूसरी बार निर्विरोध प्रांतीय अध्यक्ष निर्वाचित किया गया।कार्यक्रम का वातावरण अत्यंत उत्साहवर्धक रहा। वक्ताओं ने कहा कि मध्य प्रदेश पुलिस पेंशनर्स संघ एक मजबूत एवं निरंतर विस्तार करता हुआ संगठन बन चुका है, जो पेंशनर्स के अधिकारों और समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी रूप से कार्य कर रहा है।सिवनी जिले से जिला अध्यक्ष महेंद्र मिश्रा, जिला कोषाध्यक्ष रमेश कुमार मानेश्वर तथा केवलारी नगर अध्यक्ष के.के. डोंगरे ने अधिवेशन में उपस्थित रहकर जिले का प्रतिनिधित्व किया। संगठन पदाधिकारियों ने बताया कि सिवनी जिले में भी पुलिस पेंशनर्स संघ लगातार सक्रिय रहकर उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रयासरत है।

# कांग्रेस कार्यालय में मनाया गया पार्टी का स्थापना दिवस

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

कार्यालय कांग्रेस कमेटी इंदिरा भवन में कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राष्ट्र गीत वंदेमात्रम का गायन किया गया, तत्पश्चात जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी द्वारा पार्टी का ध्वज फहराकर सलामी दी गई एवं राष्ट्रगान जनगणमन का गायन कर, उपस्थित कांग्रेस जनों ने कांग्रेस स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ दी। तत्पश्चात आयोजित संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुये जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने कांग्रेस के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कांग्रेस का इतिहास बलिदान, त्याग और समर्पण का इतिहास रहा है, 28 दिसम्बर 1885 को जन्मी कांग्रेस पार्टी ने देश को अंग्रेजो से आजाद कराने के लिए अनेकों संघर्ष किये, उन्ही संघर्षो का परिणाम है 15 अगस्त 1947 को हमारा देश एक स्वतंत्र भारत के रूप



में विश्वपटल पर आया।

प्रदेश कांग्रेस महामंत्री राजा बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रमुख उद्धेश्य राष्ट्रवादी आंदोलन चलाना, भारतीयो को राजनैतिक लक्ष्यों से परिचित कराना, देश के विभिन्न भागो में नेताओं और कार्यकर्ताओं के मध्य मैत्रीपूर्ण संबंधो को मजबूत करना। राजनीतिक कार्यक्रम हेतु देशवासियों को एकमत करना, लोगो को जाति, धर्म एवं प्रांतीयता की भावना से उठाकर एक राष्ट्रव्यापी अनुभव को जागृत करना। अंग्रेजो से देश को आजाद कराने के लिए देश में ऐसा कोई संगठन खड़ा नही हुआ, जोकि देश के प्रत्येक क्षेत्र, वर्ग, धर्म, जाति के लिए स्वीकार हो, यही कारण था कि देश अंग्रेजो से आजाद नही हो पा रहा था।

वरिष्ठ कॉग्रेस नेता हाजी मो. असलम खान ने सम्बोधित करते हुये कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं के त्याग, तपस्या और बलिदान, अंग्रेजो की प्रताडन्ना सहकर देश के लोगो में भरोसा जीता, कांग्रेस पार्टी के नेताओं के अंग्रेजो के खिलाफ आंदोलन में देश के लोग सक्रिय रूप से भाग लेने लगे धीरे धीरे कांग्रेस पार्टी ने पूरे देश में लोगो पर एक पहचान और विश्वास स्थापित किया। कांग्रेस पार्टी का यही प्रयास अंग्रेजो से देश को आजाद कराने में सफल हुआ।

संगोष्ठी का संचालन करते हुए शिव सनोडिया ने कहा कि आजादी के बाद देश के लोगो ने कांग्रेस पार्टी पर भरोसा कर देश और प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकारों को चुना, कांग्रेस पार्टी ने देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया, कांग्रेस पार्टी का प्रमुख उद्धेश्य लोकतांत्रिक धर्मनिरपेक्षता का पालन करते हुए देश के प्रत्येक जाति, धर्म, क्षेत्र के लोगो को साथ समान व्यवहार करते हुये भारत को सशक्त, समृद्ध और विकसित भारत बनाना था, विपक्ष में रहते हुये कांग्रेस पार्टी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम को सोशल मीडिया के जिला अध्यक्ष शिवदीप डहेरिया ने भी सम्बोधित किया एवं आभार प्रदर्शन राजिक अकील द्वारा किया। कार्यक्रम के पश्चात नगर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में सभी कांग्रेस जनो ने वृद्धाश्रम पंहुचकर फल एवं मिष्ठान वितरण किया।

इस अवसर पर मोहनसिंह चंदेल, सुरेन्द्र करोसिया, विष्णुकरोसिया, यशपाल भलावी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आदित्य मोन्टू भूरा, सेवादल कांग्रेस अध्यक्ष मुबारक खान, जिला एनएसयुआई अध्यक्ष धनंजयसिंह, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तेजसिंह रघुवंशी, संजय बघेल, नगर कांग्रेस अध्यक्ष तनवीर अहमद, विजय उइके, श्रीमती कविता कहार, राजू कहार, विनोद यादव, फिरोज खान, मधु क्रिडिया, नितिन मिश्रा, नितिन डहेरिया, नब्बू भाई, हुकुमचंद सनोडिया, ऋषभसिंह ठाकुर, अशोक नरवेती, दयालुसिंह मरकाम, सरदारसिंह बघेल, सतेन्द्र बघेल, नितिन बघेले, दिलीप कुरवेती, अशोक सिरसाम, राज भलावी, झामसिंह गुर्जर, विनोद उइके, सागर मरकाम, इरशाद कादरी, भीमसिंह रघुवंशी, जीशान खान, कुलदीप काकोडिया, प्रशांत सहित बडी संख्या में कांग्रेस जनों की उपस्थिति रही।

# पी.जी. कॉलेज सिवनी में अग्निवीर में चयनित हुए केडेट्स का गरिमापूर्ण सम्मान समारोह

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

**प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय पी.जी. कॉलेज सिवनी में अग्निवीर में चयनित केडेट्स एवं विद्यार्थियों के सम्मान में एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय का वातावरण देशभक्ति और गौरव से ओतप्रोत रहा।**

एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पवन कुमार वासनिक ने जानकारी देते हुए बताया कि महाविद्यालय को गौरवान्वित करने वाले चयनित केडेट्स प्रद्युम्य चौहान, अनुराग यादव, राहुल धुर्वे एवं विशाल कौशले का प्राचार्य द्वारा पुष्पमालाएँ पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इन अग्निवीर जवानों को कॉलेज के मुख्य द्वार से बाजे-गाजे के साथ स्टाफ एवं विद्यार्थियों द्वारा



सम्मानपूर्वक ऑडिटोरियम हॉल तक लाया गया, जहाँ उनके लिए भव्य एवं गरिमापूर्ण सम्मान समारोह आयोजित हुआ।

कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य, स्टाफ एवं विद्यार्थियों द्वारा अग्निवीर जवानों का पुष्पमालाओं एवं गुलदस्तों से स्वागत किया गया। इस अवसर पर अग्निवीर जवानों के माता-पिता भी उपस्थित रहे, जिनका भी सम्मानपूर्वक अभिनंदन किया गया। एनसीसी कैडेट कीर्ति द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत ने कार्यक्रम में विशेष ऊर्जा का संचार किया।

प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग ने अग्निवीर जवानों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि देश सेवा के लिए लिया गया उनका यह निर्णय अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि ऐसे माता-पिता धन्य हैं, जिन्होंने अपने सपूतों को देश की सेवा के लिए समर्पित किया है।

स्पोर्ट्स ऑफिसर के.सी. राउर ने कैडेट्स की सफलता को एनसीसी के ध्येय वाक्य एकता और अनुशासन से जोड़ते हुए कहा कि अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने बताया कि एनसीसी कैडेट्स वर्षभर रक्तदान, स्वच्छता अभियान, गोद ग्राम, जल संरक्षण जैसी गतिविधियों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दे रहे हैं।

डॉ. मानसिंह बघेल ने भी अग्निवीर युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि लेफ्टिनेंट वासनिक के मार्गदर्शन में एनसीसी इकाई निरंतर नई उपलब्धियाँ हासिल कर रही है।

एनसीसी कैडेट युक्ति कटरे, प्रो. डॉ. प्रतिभा गुप्ता एवं श्रीमती अर्चना पाठक ने भी अग्निवीर जवानों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर अग्निवीर जवान बने प्रद्युम्य ने अपने प्रशिक्षण अनुभव साझा करते हुए कहा कि कठोर अनुशासन ही सैनिक जीवन की वास्तविक पहचान है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह से प्रशिक्षण की थकान दूर हुई और गर्व की अनुभूति हुई, जिससे अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि विगत वर्ष महाविद्यालय से एनसीसी एवं एनएसएस के कुल छह विद्यार्थी — प्रद्युम्य, अनुराग, राहुल, दीपू, अखिल एवं विशाल अग्निवीर में चयनित हुए हैं, जो अपना प्रशिक्षण पूर्ण कर शीघ्र ही अपने-अपने पदस्थापना स्थलों पर योगदान देंगे। महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने अग्निवीर जवानों को शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन एनसीसी अधिकारी एवं केडेट्स द्वारा किया गया।

# गोवर्धन पूजा, पूतना वध, गजेंद्र मोक्ष व श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंगों पर उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

नागपुर रोड स्थित नंदौरा में उईके परिवार के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन सोमवार को कथावाचक पंडित मोहनलाल मिश्रा ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा श्रवण हेतु बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

कथावाचक पं. मिश्रा ने कहा कि सच्चा धनवान वही है, जो अपने तन, मन और धन से ईश्वर की सेवा और भक्ति करता है। परमात्मा की प्राप्ति केवल सच्चे प्रेम और निष्काम भक्ति से ही संभव है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा का श्रवण करने से पापी से पापी व्यक्ति भी पवित्र हो जाता है।

कथा प्रसंग में उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के पश्चात कंस ने उन्हें मारने के लिए राक्षसी पूतना को भेजा। पूतना ने वेश बदलकर श्रीकृष्ण को विषैला दूध पिलाने का प्रयास किया, किंतु भगवान ने उसका वध कर दिया। इसके पश्चात गोवर्धन पूजा का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण के कहने पर ब्रजवासियों ने इंद्र पूजन के स्थान पर गोवर्धन महाराज की पूजा की। इससे क्रोधित होकर इंद्र ने मूसलधार वर्षा कर दी। तब भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा अंगुली पर उठाकर समस्त ब्रजवासियों की रक्षा की। अंततः इंद्र को हार माननी पड़ी और वर्षा बंद करनी पड़ी। इस अवसर पर भगवान को छप्पन भोग अर्पित किए गए।

कथा के दौरान गजेंद्र मोक्ष, समुद्र मंथन, वामन अवतार, श्रीराम जन्म एवं श्रीकृष्ण जन्म जैसे पावन प्रसंगों का भी श्रवण कराया गया। साथ ही भगवान श्रीकृष्ण एवं माता रुक्मिणी का विवाह उत्साह और धूमधाम के साथ संपन्न हुआ।

आयोजक श्रीमती राशि बाई उईके एवं पुत्र नीलम उईके ने बताया कि यह श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ महोत्सव 23 दिसंबर 2025 से प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक नंदौरा स्थित उईके निवास पर आयोजित किया जा रहा है। अंतिम दिवस पर हवन-पूजन, पूर्णाहुति एवं भंडारा प्रसाद का आयोजन होगा।

कथा में नंदौरा, जमुनिया, बाघराज, गोपालगंज सहित सिवनी क्षेत्र से बड़ी संख्या में महिला-पुरुष एवं बच्चे श्रद्धा भाव से उपस्थित रहे। उईके परिवार ने समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

# बरघाट पुलिस द्वारा विक्रय के लिये अवैध शराब रखने वाले आरोपियों विरूद्ध की गई कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता के द्वारा जिले मे चल रहे अवैध गतिविधियो पर नियत्रंण व वैधानिक कार्यवाही करने हेतु समस्त थाना / चौकी प्रभारीयो को निर्देशित किया गया है। दिनांक 27/12/25 को मुखबीर के सुचना प्राप्त हुई की ग्राम केसला के नाले का पास ग्राम वाडीवाड़ा गोली टोला का रहने वाला अनिल उइके नाम का आदमी जिसका ससुराल केसला का है अधिक मात्रा में प्लास्टिक की केन में अवैध हाथ भट्टी महुआ शराब बेचने के लिये रखा हुआ है उक्त सूचना की प्राप्ति पर पुलिस अधीक्षक सिवनी श्री सुनील मेहता एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री दीपक मिश्रा के द्वारा थाना प्रभारी बरघाट को त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री ललित गठरे के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी बरघाट के नेतृत्व में तत्काल थाना स्तर पर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताए गये स्थान ग्राम केसलाकलों नाले के पास जाकर घेराबदी कर पकडा गया। जिसके पास 15-15 लीटर वाली प्लास्टिक की 05 केन मिली जिससे उसका नाम पता पुछा जो अपना नाम अनिल पिता दुर्गु उइके उम्र 43 साल निवासी ग्राम वाडिवाड़ा गोली टोला थाना डुण्डासिवनी का रहने वाला बताया। आरोपी से पूछताछ करने पर बताया कि आरोपी का ससुराल ग्राम केसला का है जो अपने साले सतीश पिता विश्राम मर्सकोले उम्र 35 साल निवासी केसलाकलों के साथ अवैध शराब बेचता है। जो मौके पर आरोपी के कब्जे से 15-15 लीटर क्षमता की 5 केन मे भरी हुई अवैध हाथ भट्टी महुआ शराय कुल 75 लीटर किमती 7500 रूपये जप्त कर कब्जा पुलिस मे लिया गया। आरोपीगणो के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सुना प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का 129 वां संस्करण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने अपने निवास पर मासिक कार्यक्रम मन की बात के 129 वें संस्करण का श्रवण किया। आज विधायक दिनेश राय मुनमुन जी ने अपने निज निवास पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मासिक कार्यक्रम मन की बात के 129 वें संस्करण का श्रवण किया। कार्यक्रम के उपरांत विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के विचार समाज के हर वर्ग को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं।



### इधर विधायक दिनेश राय मुनमुन ने आचार्यश्री को श्रीफल अर्पित कर किया नमोस्तु निवेदन

-सिवनी नगर को पावन सानिध्य प्रदान करने किया अनुरोध

**सिवनी-** , दिनांक 27/12/2025 को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने आचार्यश्री को श्रीफल अर्पित कर नमोस्तु निवेदन किया। आज दोपहर समय विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव पहुंचे। जहां पर विराजमान जैन संत आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के दर्शन व पावन श्रीचरणों पर श्रीफल अर्पित कर नमोस्तु निवेदन किया। इस दौरान विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने विधानसभा अंतर्गत सिवनी नगर मे नवनिर्मित अहिंसा द्वार के लोकार्पण कार्यक्रम मे आचार्य श्री से सानिध्य प्रदान करने का विनम्र अनुरोध किया। आगे विधायक दिनेश राय मुनमुन जी ने कहा कि छपारा नगर मे आयोजित पंचकल्याणक महोत्सव के पावन अवसर पर आचार्य श्री का आगमन सुनिश्चित है, ऐसे मे यदि सिवनी नगर को भी आपके पावन सानिध्य का सौभाग्य प्राप्त हो तो यह जिले के लिए अत्यंत गौरवशाली और आध्यात्मिक आनंद का विषय होगा। विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि पूज्य संतों का सानिध्य उस शीतल छाया की तरह है जो तपती धूप में राहत तथा सकारात्मक ऊर्जा देती है। और जनसेवा के मार्ग पर अधिक निष्ठा से चलने व क्षेत्र की उन्नति के लिए निरंतर कार्य करने की प्रेरणा देगी।

# बखारी में आज सजेगा विशाल इनामी दंगल, पहलवान दिखाएंगे दांव-पेंच

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

ग्राम बखारी आज 29 दिसम्बर 2025 को मड़ई उत्सव के पावन अवसर पर एक भव्य इनामी दंगल का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन ग्राम के न्यू गांगीराजा स्टेडियम में दोपहर 11:00 बजे से प्रारंभ होगा, जहाँ खेल और मनोरंजन का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। इस विशाल दंगल में देश के विभिन्न हिस्सों से आए राष्ट्रीय स्तर के पहलवान अपनी ताकत और हुनर का प्रदर्शन करेंगे। आयोजन समिति ने बताया कि दंगल को रोमांचक बनाने के लिए विशेष पुरस्कारों की घोषणा की गई है। अखाड़े में होने वाली कुश्ती की जंग को देखने के लिए बखारी सहित आसपास के दर्जनों गांवों से भारी संख्या में खेल प्रेमियों के पहुँचने की उम्मीद है।

### फिल्मी सितारों का लगेगा जमावड़ा

दंगल के रोमांच के साथ-साथ इस कार्यक्रम में कला और मनोरंजन का तड़का लगाने के लिए फिल्मी हस्तियाँ भी शिरकत कर रही हैं। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षणों में शामिल हैं: शहजाद खान (मुंबई): प्रसिद्ध फिल्म 'अंदाज अपना अपना' के 'भल्ला' और 'मोना डार्लिंग' फेम अभिनेता। मोईन कच्छी (नागपुर): सुप्रसिद्ध अभिनेता एवं गायक। देव पवार 'बनवारी सेठ' (बरघाट): क्षेत्रीय लोकप्रिय एक्टर, कॉमेडियन और सिंगर। बखारी में आयोजित होने वाली यह मड़ई केवल एक मेला नहीं, बल्कि क्षेत्रीय संस्कृति का प्रतीक है। मड़ई के दौरान ग्रामीण अपनी परंपराओं का निर्वहन करते हैं और खुशियां मनाते हैं। स्टेडियम में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर प्रशासन और स्थानीय समिति ने सुरक्षा व बैठक व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं। आयोजक समिति ने क्षेत्र के समस्त नागरिकों और खेल प्रेमियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर पहलवानों का उत्साहवर्धन करें और इस सांस्कृतिक उत्सव का आनंद लें।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस सिवनी में न्यूट्रीशियन रोजगार उन्मुखीकरण प्रशिक्षण संचालित

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी में छात्राओं के कौशल विकास और उन्हें स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा एक माह के ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया ।

प्रशिक्षण 15 दिसंबर से प्रारंभ होकर 15 जनवरी तक संचालित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षक श्रीमती नीतू सिंह बघेल द्वारा छात्राओं को न सिर्फ प्रशिक्षित किया जा रहा है, बल्कि उन्हें सौंदर्य चिकित्सा की बारीकियों और इस क्षेत्र में स्वरोजगार की संभावनाओं से भी अवगत कराया जाएगा ।प्रशिक्षण के लिए कुल 60 छात्राओं ने अपना पंजीयन कराया है जिनके लिए प्रतिदिन उपस्थिति अनिवार्य रखी गई है। प्रशिक्षण की समाप्ति के पश्चात सभी छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ चंद्रकला अरमोती ने कहा कि वर्तमान समय में ब्यूटी और वैलनेस सेक्टर में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण केवल व्यक्तिगत निखार के लिए नहीं है बल्कि यह आपको आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने का एक सशक्त माध्यम है। जिला नोडल अधिकारी डॉ एम एस बघेल ने कहा कि यदि छात्राएं पूरी लगन और अनुशासन के साथ इस हुनर को सीखती है तो वह अपनी पढ़ाई के साथ-साथ खुद का स्टार्टअप या पार्लर शुरू कर आत्मनिर्भर बन सकती हैं। उन्होंने प्रशिक्षण की शर्तों और प्रमाण पत्र के महत्व पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर आर एस नाग ने अपने उद्बोधन में कहा कि महाविद्यालय का सदैव यह प्रयास रहता है कि छात्राओं को पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ व्यावसायिक कौशल में भी दक्ष किया जाए। उन्होंने छात्राओं को इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में छात्राओं की उपस्थिति से उत्साह का माहौल दिखाई दिया।

**खबर संक्षेप**

### साइंस सर्किल आकलन परीक्षा संपन्न

**बालाघाट** साइंस सर्किल द्वारा आयोजित कनिष्ठ एवं वरिष्ठ संयुक्त आकलन परीक्षा का आयोजन 28 दिसंबर को सफलतापूर्वक किया गया। इस परीक्षा में कक्षा आठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रदेश के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित इस परीक्षा में सान्दीपनि विद्यालय भोपाल सहित लगभग 7,500 विद्यार्थियों की सहभागिता रही। परीक्षा का आयोजन नीट, जेईई एवं राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा के पैटर्न पर किया गया। प्रदेशभर में कुल 38 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जहां सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा की पारदर्शिता एवं गुणवत्ता बनाए रखने के लिए प्रत्येक केंद्र पर पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई थी तथा ओएमआर शीट के माध्यम से परीक्षा संपन्न कराई गई। साइंस सर्किल के अनुसार इस परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के प्रति जागरूक करना, समय प्रबंधन की क्षमता विकसित करना तथा उनकी शैक्षणिक स्तर पर वास्तविक स्थिति का आकलन करना है। परीक्षा परिणामों के आधार पर विद्यार्थियों को राज्य, जिला एवं विद्यालय स्तर पर रैंक प्रदान की जाएगी, जिससे भविष्य की तैयारी की दिशा तय करने में सहायता मिलेगी। परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को आगामी विज्ञान दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही प्रत्येक कक्षा के टॉपर विद्यार्थियों को दस-दस हजार रुपये की नकद राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जाएगी। परीक्षा के सफल आयोजन में साइंस सर्किल के अध्यक्ष प्रो. एस. के. सक्सेना, उपाध्यक्ष आर. के. लटारे, सचिव डॉ. युवराज राहंगडाले एवं कोषाध्यक्ष एस. के. तुरकर ने विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की निगरानी की और परीक्षा संचालन में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

### 5 सरपंचों एवं 1 पंच के निर्वाचन के लिए 29 दिसम्बर को होगा मतदान

**बालाघाट।** त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन (उत्तरार्द्ध)- 2025 के अंतर्गत बालाघाट जिले में 05 सरपंचों एवं 01 पंच के निर्वाचन के लिए 29 दिसम्बर को मतदान कराया जाएगा। मतदान कराने के लिए मतदान दल 28 दिसंबर को अपने निर्धारित मतदान केन्द्रों पर पहुंच गए हैं। मतदान 29 दिसंबर को प्रातः 07 बजे से दोपहर 03 बजे तक कराया जाएगा। सरपंच के लिए ईव्हीएम मशीनों से तथा पंच पद के लिए बैलेट पेपर से मतदान कराया जाएगा। पंच पद के परिणाम की घोषणा मतदान के तुरंत पश्चात की जायेगी। सरपंच पद के निर्वाचन के परिणाम की घोषणा दिनांक 02 जनवरी 2026 को की जायेगी। बालाघाट जिले की बिरसा विकासखंड की ग्राम पंचायत पल्हेरा, वारासिवनी विकासखंड की ग्राम पंचायत झालीवाड़ा, खैरलांजी विकासखंड की ग्राम पंचायत कचेखनी, लालबर्रा विकासखंड की ग्राम पंचायत रमपुरी एवं परसवाड़ा विकासखंड की ग्राम पंचायत उकवा में सरपंच के रिक्त पद एवं विकासखंड बालाघाट की ग्राम पंचायत भरवेली में वार्ड क्रमांक 03 में पंच पद के लिए मतदान कराया जा रहा है। सरपंच पद के लिए विकासखंड वारासिवनी की ग्राम पंचायत झालीवाडा में 02 प्रत्याशी, विकासखंड परसवाडा की ग्राम पंचायत उकवा में 04 प्रत्याशी, विकासखंड खैरलांजी की ग्राम पंचायत कचेखनी में 03 प्रत्याशी, विकासखंड लालबर्रा की ग्राम पंचायत रमपुरी में 03 प्रत्याशी एवं विकासखंड बिरसा की ग्राम पंचायत पल्हेरा में 02 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। इस प्रकार 05 पंचायतों में सरपंच के लिए कुल 14 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे है।विकासखंड बालाघाट की ग्राम पंचायत भरवेली में वार्ड क्रमांक 03 के लिये पंच पद के 03 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। जिले की पंचायतो में 42 पंचों के निर्वाचन के लिए निर्धारित समय सीमा में 19 पंचो के लिए किसी भी प्रत्याशी ने नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत नही किया है। जबकि 22 पंचो के लिए मात्र 01-01 नाम निर्देशन पत्र प्राप्त होने के कारण उनका निर्वाचन निर्विरोध हो गया है।

## शराब दुकान के सामने रोड पर वाहन, रोजाना लगता है जाम लगातार खबर प्रकाशन के बाद भी पुलिस नहीं ले रही सुध

नगर के सालेटेकरी मार्ग के मुख्य द्वारा पर स्थित सोम कंपनी की शराब दुकान में भ_ी संचालक (ठेकेदार) एवं पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता का खामियाजा यहां से गुजरने वाले राहगीरों सहित आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। वहीं स्कूली व कालेज जाने वाले छात्र-छात्राएं भी परेशान हैं।

हरिभूमि न्यूज लांजी

खाासकर महिलाओं को भारी परेशानियां का साामना करना पड़ रहा है। रोजाना अंग्रेजी शराब दुकान के इर्द-गिर्द मदिरा प्रेमियों द्वारा शराब लेने की चाहत में भ_ी के बाहर सड़क मार्ग के दोनों ओर वाहनों को खड़ा कर दिया जा रहा है। इससे आये दिन सड़क पर जाम की स्थिति बन रही है वह शाम को हालत और भी खराब हो जाती है। शराबी शराब पीकर यहां वहां बदहवास होकर पड़े रहते हैं। इसके बावजूद शराब दुकान संचालक (ठेकेदार) एवं पुलिस प्रशासन की आंख नहीं खुल रही है। आम लोगों के लिए काफी चिंता का विषय बना हुआ है। नगर में अंग्रेजी शराब दुकान वर्तमान में व्यस्ततम सालेटेकरी मार्ग पर संचालित हो रही है। यहां से रोजाना सैकड़ों की तादाद में महाविद्यालय में छात्र-छात्राएं पढने आते जाते हैं। कोटेश्वर धाम भी इसी मार्ग से होकर जाना पड़ता है, सभी शासकीय कार्यालय भी इस मार्ग पर मिलते है। राहगीरों को शराबियों की गाली-गलोच से संघर्ष करना पड़ रहा है। कई शराबी नशे की हालत में सड़क पर गिरे पड़े रहे हैं। बावजूद वहां पुलिस प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### पूर्व पार्षद के विरोध का भी नहीं पड़ा असर...

विदित हो की लांजी सालेटेकरी मार्ग पर स्थित शराब दुकान का वार्ड पार्षद श्रीमती पूनम आसटकर द्वारा शुरू से ही उक्त स्थान से हटाये जाने की मांग की जा रही है। जिसके लिये उनके द्वारा नगर परिषद, कलेक्टर से लेकर मुख्यमंत्री को भी ज्ञापन सौंपकर शराब दुकान हटाने की मांग की परंतु किसी के द्वारा भी उनकी इस मांग पर कोई ध्यान नहीं दिया जिससे हालात दिनों दिन बद से बदतर होते जा रहे है। दूसरी ओर विगत एक पखवाड़े से उक्त शराब दुकान के कारण रोड पर हो रही पार्किंग और जाम सहित बेतरतीब तरीके से कंपनी द्वारा शासन के नियमों को दरकिनार कर मनमाने दाम पर शराब बेचे जाने को लेकर खबरों का प्रकाशन किया गया परंतु प्रशासन द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिये जाने से शराब दुकान संचालक के हौसले बुलंद हैं।

### आबकारी कार्यालय हैं भी और नहीं भी...

इस संबंध में पूर्व में भी आबकारी अधिकारी को इस समस्या के साथ-साथ अवैधानिक रूप से शराब के मूल्य में कंपनी द्वारा बढ़ोत्तरी के संबंध में अवगत कराया जा चुका है परंतु उनके द्वारा दिखवाने और कार्यवाही करने का आश्वासन तो दिया जाता है परंतु जमीनी स्तर पर कार्यवाही कभी देखने को नहीं मिली जिसका मुख्य कारण किसी से छिपा नहीं है। लांजी नगर के हाऊबाग स्थित आबकारी कार्यालय तो जरूर है परंतु यहां अधिकारी कर्मचारी हैं भी या नहीं इसकी किसी को कोई जानकारी नहीं है। और शराब ठेकेदारों को भी इनका कोई भय नहीं है जिसके कारण वे धड़ल्ले से मनमाने दाम पर शराब बेच रहे हैं।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरनापुर में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक संपन्न

### सीएचएमओ डा. उपलप ने माटे स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

**बालाघाट।** आज दिनांक 28 दिसंबर 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरनापुर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलप की उपस्थिति में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. वर्ष चौबे के मार्गदर्शन में किया गया।

इस अवसर पर जिला कार्यालय बालाघाट से डीआईईसी मैनेजर श्री राजाराम चक्रवर्ती एवं श्री संजय तुरकर उपस्थित रहे। उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित 22 विभिन्न गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर उपस्थित सीएचओ मैडम एवं एएनएम सिस्टर्स को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलप द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (PHC) माटे का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डिलीवरी रूम, दवा भंडार कक्ष सहित अन्य व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की गई। निरीक्षण में पाई गई कमियों को शीघ्र सुधारने तथा अनुपस्थित स्टाफ के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश भी दिए गए।

इस अवसर पर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया।

## मैराथन सम्मान समारोह में विधायक विवेक पटेल प्रमुख रूप से हुए शामिल

### खैरलांजी में आद्विक मैराथन का हुआ समापन, विजेता प्रतिभा को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज़ खैरलांजी।

खैरलांजी तहसील मुख्यालय में 28 दिसंबर रविवार सुबह 8 बजे समृद्ध महाकौशल फांउडेशन एंव आद्विक मैराथन समिती के तत्वावधान में आद्विक मैराथन का आयोजन बच्चो के शारीरिक-मानसिक और बौद्धिक विकास के साथ खेल-कूद में प्रतिभा प्रर्दशित कराने के उद्देश्य से किया गया। जिसमे करीब 419 प्रतिभागीयो ने हिस्सा लिया।बताया गया की मैराथन दौड पुरूषो के लिए मैराथन दौड 10 किलोमीटर की एंव महिलाओ के लिए मैराथन दौड 5 किलोमीटर की रखी गई है जिसमें करीब 419 प्रतिभागीयो के द्वारा हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा की झलक दिखाई । 130 महिलाए और 289 पुरुषो ने मैराथन भाग लेकर मैराथन को सफल बनाया । खास बात यह है की इस मैराथन में महाराष्ट्र, छत्तीसगढ, म.प्र.यूपी सहित अन्य स्थानो के लड़के और लड़किया , पुरुष और महिलाए शामिल हुए जिन्होंने मैराथन में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गौरवान्वित किया । इस दौरान अतिथीयो के हस्ते विजेता प्रतिभा को मेडल, प्रशस्ति पत्र एंव पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया साथ ही सभी प्रतिभागीयो को प्रोत्साहित करते हुए पुरस्कार व सम्मान प्रदान किया गया । इस दौरान वक्तओ के द्वारा मैराथन में शामिल हुए सभी प्रतिभागियो के उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही आयोजन समिती की भी सहारना की गई। इस अवसर पर वारासिवनी खैरलांजी विधायक विवेक पटेल, खैरलांजी सरपंच श्रीमती ज्योति नागपुरे, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुनिता बहेटवार, जिला पंचायत सदस्य प्रकाश ऊके, शिव नागपुरे राष्ट्रीय अध्यक्ष अ.लो.महासभा, सहेजालाल उपवंशी अध्यक्ष अंवतिबाई लोधी महासभा बालाघाट, सुरेंद्र बडीचार्य समाजसेवी भौरगढ, आदित्य अग्रवाल अध्यक्ष एबीवीपी जेपी ब्रजेश मिश्रा बालाघाट, अभिषेक अग्रवाल समाजसेवी वारासिवनी, वेद राम रांहगडाले सभापति जप.पंचायत लालबर्रा,मानसिंह बहेटवार समाजसेवी, जितेंद्र चित्रीव जिलाध्यक्ष सचिव संघ, योगेश सुलाखिया आद्विक मैराथन समिति प्रमुख ओमप्रकाश दमाहे , समृद्ध महाकौशल फांउडेशन के अध्यक्ष दुर्गाप्रसाद प्रसाद लिल्हारे , उपाध्यक्ष देवराज भोयर, सचिव शेरा सुलाखिया, कोषाध्यक्ष सुभाष क्षीरसागर, सहसचिव भारत सिंह शिवहरे सहित अन्य अतिथीगण मौजूद रहेंगे।

## नशे में धुत्त डिप्टी रेंजर ने मांगी वाहन मालिक से रिश्वत बकरामुंडी स्थित वनविभाग के फारेस्ट जांच नाके का मामला

हरिभूमि न्यूज़ लांजी।

फ रेस्ट जांच नाका पर तैनात वन विभाग के कर्मचारियों का मुख्य काम वन संपदा की सुरक्षा, वन कानूनों का पालन करवाना, अवैध कटाई व शिकार रोकना, गश्त करना और वन्यजीवों की रक्षा करना होता है, जिसमें अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई (गिरफ्तारी, ज़ब्ती), आग से बचाव, वृक्षारोपण और स्थानीय लोगों को जागरूक करना भी शामिल है। वे वन क्षेत्र में सरकार की नीतियों को लागू करने और वन संसाधनों के प्रबंधन में भी मदद करते हैं। ये कर्मचारी वन क्षेत्र के रखवाले होते हैं, जो हर तरह से वन और वन्यजीवों की रक्षा और प्रबंधन के लिए जिम्मेदार होते हैं। परंतु लांजी क्षेत्र के विभिन्न जांच नाको में स्थिति इसके ठीक उलट है यहां पदस्थ वनविभाग के कर्मचारियों का वाहन मालिकों से रूपये लेकर वाहन छोडऩा, नशे में धुत्त रहकर ड्यूटी करना अब आम हो चुका है। ताजा मामला वन परिक्षेत्र पूर्व डिप्टी रेंजर दुर्गा प्रसाद हरिनखेड़े का सामने आया है जो रोजाना ही शराब के नशे में ड्यूटी करते हैं और वाहन मालिको से वाहन नाके से गुजरने के एवज में रूपयों की मांग करते है। रूपये नहीं देने पर वाहन रोड किनारे खड़े करके परेशान करने का काम करते है जिससे वाहन मालिकों को खासा परेशान होना पड़ रहा है। इस संबंध में परिक्षेत्र अधिकारी से चर्चा की गई तो उनके द्वारा डिप्टी रेंजर के खिलाफ कड़ी कार्यवाही किये जाने की बात कही गई।

### वाहन छोडऩे बदले मांगे 200 रूपये....

28 दिसंबर रविवार को शाम 4.30 बजे के करीब एक पिकअप वाहन मवेशी लेकर बकरामुंडी स्थित जांच नाके से गुजर रहा था तभी नशे में धुत्त दुर्गाप्रसाद हरिनखेड़े द्वारा वाहन को रोका गया और मवेशी एवं वाहन से संबंधित दस्तावेज मांगे गये। जिस पर वाहन चालक द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज दिखा दिये उसके बाद भी डिप्टी रेंजर द्वारा नशे की हालत में वाहन चालक से रूपये की मांग की जाने लगी जिस पर वाहन चालक द्वारा विरोध किया गया तो डिप्टी रेंजर ने वाहन नहीं जाने देने की धमकी देने लगा। वाहन चालक ने बताया की डिप्टी रेंजर आये दिन इसी तरह की हरकते करता रहता और रूपयों की मांग करता है। जिससे वाहन चालक बहुत ज्यादा परेशान है। उक्त घटना से कुछ दिनों पूर्व कारंजा स्थित जांच नाके से भी लकड़ी से लदे ट्रेक्टर को रूपये लेकर छोडऩे का मामला प्रकाश में आ चुका है।

### अवैध गतिविधियों को मिल रहा बढ़ावा....

वनविभाग लांजी के कर्मचारियों के इस तरह नशे में धुत्त रहकर कार्य करने से क्षेत्र में अवैध गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलने से इंकार नहीं किया जा सकता। नशे में धुत्त कर्मचारी ऐसी स्थिति में अपने आप को संभालेंगे या जिम्मेदारी से कार्य कर सकेंगे इस बात पर संशय है। नशे में धुत्त रहने के कारण ये कर्मचारी अवैध लकड़ी तस्करी, शिकार और अन्य वन अपराधों को नजरअंदाज कर सकते हैं, जिससे वन संसाधनों का नुकसान हो सकता है। साथ ही वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए वनविभाग के कर्मचारियों की इस तरह की हरकते ठीक नहीं है। नशे में धुत्त डिप्टी रेंजर दुर्गाप्रसाद हरिनखेड़े की हरकत से वनविभाग की छवि को नुकसान के साथ-साथ जांच नाके की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे है।

### वैनगंगा नदी में अवैध रेत उत्खनन रोकने की कार्रवाई,

**बालाघाट** धापेवाड़ा में नदी में बनाया गया अस्थायी पुल किया गया ध्वस्त

तहसील बालाघाट अंतर्गत ग्राम धापेवाड़ा क्षेत्र में वैनगंगा नदी पर अवैध रूप से रेत खनन के उद्देश्य से बनाए जा रहे अस्थायी पुल को खनिज विभाग की टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए ध्वस्त कर दिया गया। उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि खनिज रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन को सुगम बनाने के लिए धापेवाड़ा में वैनगंगा नदी पर अस्थायी पुल का निर्माण किया जा रहा था। सूचना मिलते ही खनिज अमले द्वारा मौके पर पहुंचकर तत्काल कार्रवाई की गई और निर्माणाधीन पुल को हटाया गया है। खनिज विभाग द्वारा संबंधित एमडीओ (माइनिंग डिलीवरी ऑर्डर धारक) को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि यदि भविष्य में रेत के अवैध खनन या परिवहन के उद्देश्य से किसी भी प्रकार का अस्थायी पुल या संरचना बनाई जाती है, तो इसकी तत्काल सूचना खनिज अमले को दी जाए। साथ ही नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। बालाघाट जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार निगरानी रखी जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

## 3 दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता में आज से खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम चिचटोला चौक लांजी में रूद्दी मामा मंड़ई मेला समिति का आयोजन

### 31 को मंडई मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ होगा समापन

हरिभूमि न्यूज़ लांजी।

कबड्डी एक लोकप्रिय वैश्विक खेल है, जो भारत के ग्रामीण और सांस्कृतिक जीवन का प्रतीक है और प्रो कबड्डी लीग जैसे आयोजनों से लोकप्रिय हुआ है। कबड्डी ग्रामीण भारत की परंपराओं, टीम वर्क और रणनीति का प्रतीक है। इसने प्रो कबड्डी लीग जैसे टूर्नामेंटों के साथ नई ऊंचाइयों को छुआ है, जिससे यह एक राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बन गया है और दुनियाभर में खेला जा रहा है। इसी तर्ज पर ग्रामीण क्षेत्र में कबड्डी खिलाडिय़ों की प्रतिभा को निखारने एवं उनके उज्जवल भविष्य के सपने को साकार करने लांजी जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत बिसोनी केग्राम चिचटोला में रूद्दी मामा चौक मंड़ई मेला समिति के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी तीन दिवसीय ओपन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों में होगी और 29 दिसंबर से 31 दिसंबर 2025 तक मरार माली समाज भवन प्रांगण (बालाघाट रोड, चिचटोला) में संपन्न होगी। प्रतियोगिता में क्षेत्रीय टीमों के साथ-साथ आसपास के जिलों की टीमें भी भाग लेंगी। आयोजन प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शुरू होगा। समिति द्वारा दर्शकोंए खेल प्रेमियों एवं खिलाड़ियों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। समिति द्वारा प्रतियोगिता में आकर्षक इनाम भी रखा गया है जिसमें पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 11,001 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 7001 रुपये तथा महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 11,001 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 7001 रुपये प्रदान किया जाएगा।

### विधायक करेंगे प्रतियोगिता का शुभारंभ....

इस तीन दिनी भव्य कबड्डी खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन एवं समापन में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रिय विधायक राजकुमार कर्राहे, सरपंच प्रतिनिधी विजय वारे एवं अशोक शुक्ला (राष्ट्रीय संरक्षक) उपस्थित रहेंगे। वहीं विशेष अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी धनश्याम वानखेड़े लांजी शिरकत करेंगे। प्रतियोगिता के अंतिम दिन 31 दिसंबर 2025 को दिन-रात की मंडई मेला आयोजित होगा। साथ ही रात्रि 10 बजे से छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जो दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। मंडई मेला समिति ने क्षेत्र के सभी खेल प्रेमियों, ग्रामीणों एवं दर्शकों से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में उपस्थित होकर खिलाडिय़ों का उत्साहवर्धन करें और आयोजन को यादगार बनाएं।

### आयोजन समिति में यह हैं शामिल....

रूद्दी मामा मंड़ई मेला समिति में मुख्य पदाधिकारी एवं सदस्य समिति के अध्यक्ष पवन कश्यप, उपाध्यक्ष हरिराम कलपुरे, कोषाध्यक्ष बेनीराम ढोक तथा कोच अरुणेंद्र दुरूगकर के नेतृत्व में सन्नी कश्यप, सुभाष चन्ने, योगेश सिल्हारे, निखिल सिल्हारे, गौरव मानकर, सुनील दहीकर, अश्विनी कश्यप, घनश्याम नारनौरे, राजा नागेश्वर, रामकिशोर नागेश्वर, विजय वराड़े, लक्ष्मण रणदिवे, अन्तु नारनौरे, शंकर कलपुरे, गौलू नागेश्वर, अनेक नागेश्वर, आरव सोलंकी, दिनेश बावनकर, राहुल दौने, राहुल बिसेन, सुमित गोयल सहित सभी सदस्य आयोजन को सफल बनाने में जी-जान से जुटे हैं।

## जल संचय अभियान के तहत लांजी में विद्यार्थियों ने दिया जन-जागरूकता का संदेश

**बालाघाट।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मास्टर ऑफ सोशल वर्क (एमएसडब्ल्यू) पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों द्वारा जल संचय अभियान के अंतर्गत जन-जागरूकता गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में लांजी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर विद्यार्थियों द्वारा जल संरक्षण से संबंधित प्रेरणादायक श्लोक एवं नारों का दीवार लेखन किया गया।

इस अभियान का उद्देश्य आमजन को जल के महत्व, उसके संरक्षण एवं समुचित उपयोग के प्रति जागरूक करना है, ताकि प्रत्येक नागरिक जल स्त्रोतों के संरक्षण को अपना नैतिक दायित्व समझे। विद्यार्थियों ने दीवार लेखन के माध्यम से जल बचाने, वर्षा जल संचयन तथा भावी पीढ़ी के लिए जल संरक्षण जैसे संदेश दिए।

यह गतिविधि विकासखंड समन्वयक श्री संतोष नगपुरे के मार्गदर्शन एवं परामर्शदाता श्री संदीप रामटेककर के सहयोग से संपन्न हुई। अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि सामाजिक सरोकारों से जुड़कर जमीनी स्तर पर कार्य करने का अवसर भी मिल रहा है।

साप्ताहिक संपर्क कक्षाओं के अंतर्गत विद्यार्थियों को अपने निवास क्षेत्र, वार्ड एवं गांवों में सामाजिक गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिससे वे समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझें और सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बनें।

## प्रधानमंत्री श्री मोदी के 'मन की बात' प्रसारण को शासकीय कन्या शिक्षा परिसर कटकोना की छात्राओं ने पूरे मनोयोग से सुना

### शिक्षा का मुख्य लाभ अर्जित कराने प्रदेश सरकार कृत संकल्पित : विधायक जयसिंह

बुढार।





माता सबरी शासकीय कन्या शिक्षा परिसर कटकोना (बुढ़ार) में भारत के यशस्वी, लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के "मन की बात" को छात्राओं ने पूरे मनोयोग से सुना, वहीं कार्यक्रम के अतिथियों ने शिक्षा के क्षेत्र में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे सार्थक पहल पर अपने प्रेरणादायी विचार व्यक्त किये।जैतपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक जयसिंह मरावी के मुख्यातिथ एवं मंडल अध्यक्ष अर्जुन सोनी की अध्यक्षता तथा वरिष्ठ पत्रकार - मोहन नामदेव, ग्राम पंचायत कटकोना के सरपंच रामसजन बैगा, उपसरपंच शिवेंद्र सिंह बघेल, सज्जन पांडेय (उपसरपंच सेमरा), भागचंद्र सोनी के विशिष्ट उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 129 वें एपिसोड 'मन की बात' जो राष्ट्रनिर्माण, समाज, संस्कृति, प्रेरक प्रयासों तथा देश के भावी कर्णधारों को ऊंचाइयां अर्जित कराये जानें से भरपूर रही, जिन्हें कार्यक्रम में पधारे अतिथियों व कन्या शिक्षा परिसर की छात्राओं ने पूरे उत्साह से सुना और प्रधानमंत्री जी के 'मन की बात' की मुक्तकंठ से सराहना की।

जैतपुर क्षेत्र के विधायक जयसिंह मरावी ने कहाकि -देश की तरक्की व खुशहाली का मार्ग देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में हो रहा है, और उनके प्रति अटूट आस्थायें हम सभी की हैं, वहीं शिक्षा का मुख्य लाभ शिक्षार्थियों को सुगमता से अर्जित हो प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी कृत संकल्पित है। विधायक जयसिंह मरावी ने कहाकि - माननीय प्रधानमंत्री जी ने 'मन की बात' में राष्ट्र निर्माण जैसे अनेक पहलुओं पर अपने विचार देश एवं प्रदेशवासियों के मध्य साझा किये हैं, जो अनुकरणीय व अति प्रेरणादायी है।

विशिष्ट अतिथि पत्रकार - मोहन नामदेव ने कहाकि - शिक्षा का भरपूर लाभ शिक्षार्थियों को मिले इस दिशा में सार्थक पहल सरकार द्वारा निरंतर की जा रही है, जिसके फलस्वरुप भावी कर्णधार शिक्षा के क्षेत्र में अपना तथा अपने संभाग का नाम रोशन कर रहे हैं।माता सबरी शासकीय कन्या शिक्षा परिसर की प्राचार्य - वर्षा रानी दुबे ने कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का स्वागत करते हुये कहाकि - छात्राओं को शासन की मंशानुरूप शिक्षा पूरे मनोयोग से अर्जित करायी जा रही है, और मुख्यातिथ विधायक जी व अतिथियों ने छात्राओं के मध्य आकर शिक्षा की दिशा में प्रोत्साहित किया है।

कार्यक्रम के अध्यक्ष अर्जुन सोनी ने कहाकि - माननीय प्रधानमंत्री जी के 'मन की बात' को सुनने तथा उसे आत्मसात करने कन्या शिक्षा परिसर की छात्राओं को अवसर मिला, जो निश्चित ही उपलब्धि पूर्ण है, यह कटकोना में बूथ नंबर 117 में आयोजित है। उन्होंने कहाकि - केंद्र एवं प्रदेश सरकार शिक्षा के साथ चौमुखी विकास की ओर अग्रसर है और शासन की योजनाओं का लाभ पात्र जनों को मिल रहा है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सीताराम मिश्रा ने किया। कार्यक्रम अवसर पर - शिक्षक विश्वनाथ त्रिपाठी, सचिव रूपेंद्र कुमार काछी, अशोक शुक्ला, कन्या शिक्षा परिसर की अधीक्षक रीता श्याम, दीपचंद चौरसिया, विनय सोनी, अदिति सिंह, अरुणा सोनी, मोनिका प्रजापति की विशिष्ट उपस्थिति रही।